जाग उठा हमारा

# आजाद हिन्दुस्तान

RNI No.-MPHIN/2001/14172

AZAD हिन्दुस्तान LIVE

वर्ष-23 अंक-18-19 इन्दौर/खरगोन/बड़वाह 02 मई एवं 9 मई 2023 संयुक्तांक सम्पादक : नवरत्नमल जैन Email.azadindore@gmail.com पेज-4 वार्षिक मूल्य- 150 रु.


### विष्णु महायज्ञ का मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को दिया गया आमंत्रण



### खरगोन जिले में अब तक का सबसे भीषण हादसा-25 की मौत

# खरगोन के सेगांव में अब तक का भीषण सड़क हादसा। बस नदी में गिरी- 7 बच्चों समेत 24 की मौत

## प्रत्येक मृतक के परिवार जनों को 4 लाख की घोषणा

खरगोन-मध्य प्रदेश के खरगोन में मंगलवार सुबह एक निजी बस 50 फीट ऊंचे पुल से गिर गई। हादसे में 24 यात्रियों की मौत हो गई। इनमें 7 बच्चे, 8 महिलाएं और 9 पुरुष हैं। बस डोंगरगांव और दसंगा के बीच बोराड़ नदी के पुल की रेलिंग तोड़कर नीचे जा गिरी। नदी सूखी हुई थी। गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि मामले की मजिस्ट्रियल जांच के आदेश दिए गए हैं। 30 से अधिक घायलों का इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। 7 घायलों को इंदौर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने खरगोन आरटीओ बरखा गौड को सस्पेंड कर दिया है।

डोंगरगांव के रहने वाले राज पाटीदार ने बताया, मां शारदा ट्रैवल्स की इस बस में 50 से 60 लोग सवार थे। हादसा साढ़ें 8 से 9 बजे के बीच हुआ। पुलिस-प्रशासन से पहले डोंगरगांव और लोनारा के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। हमने बस के कांच तोड़कर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को अपनी गाडियों से अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव से 5 मिनट पहले ही बस निकली थी।

परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बस का रजिस्ट्रेशन और फिटनेस सर्टीफिकेट निरस्त कर दिया है। इसके साथ ही एक और आदेश जारी किया है कि लंबी दूरी की बसों में दो ड्राइवर अनिवार्य रहेंगे।

### बस में 50 से अधिक लोग सवार थे

ढ्ढल राकेश गुप्ता ने बताया कि बस खरगोन के बेजापुर से इंदौर की ओर जा रही थी। रफ्तार तेज होने के कारण अनियंत्रित होकर रेलिंग तो?ते हुए पुल से नीचे जा गिरी। बस में 50 से अधिक यात्री थे। नदी सूखी होने के कारण अधिकतर यात्रियों को चोटें लगी हैं। 15 यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई थी।

### बस मालिक, ड्राइवर और कंडक्टर के खिलाफ मामला दर्ज...........

### हादसे के बारे में क्या कहते जिला खरगोन एसपी



### धर्मवीर सिंह ने कहा

-मामले में बस मालिक प्रवीण सोनी, चालक सुनील राठौर और कंडक्टर संतोष बारचे के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा 304, 34 भादवि के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपियों द्वारा जानबूझकर क्षमता से अधिक सवारी भरी गई। यह जानते हुए कि इतनी सवारी भरने और तेज गति से वाहन चलाने से यात्रियों की मृत्यु हो सकती है, उसके बाद भी यह कृत्य किया गया। अतः यह एक सामान्य दुर्घटना का मामला नहीं है, इसलिए आरोपियों के विरुद्ध गैर इरादतन हत्या का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

### आरटीओ बरखा गौड़ निलंबित

प्रभारी मंत्री कमल पटेल ने हादसे में 24 लोगों की जान जाने की पुष्टि की है। वे हादसे में घायल लोगों का हाल जानने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने घायलों और उनके परिजन से मुलाकात के बाद उचित उपचार का आश्वासन दिया। यहां मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री ने कहा कि इस हादसे में दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आरटीओ बरखा गौड़ को निलंबित करने का आदेश भी जारी किया। साथ ही बसों में हो रही ओवर लोडिंग पर कार्रवाई के निर्देश कलेक्टर और एसपी को दिए।

### सुबह 9:00 बजे से घायलों का जिला अस्पताल पहुंचना शुरू हो गया।

### पीएम मोदी बोले- प्रशासन मदद में जुटा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी खरगोन हादसे पर दुख जताया। उन्होंने कहा, हादसा अत्यंत दुखद है। इसमें जिन लोगों ने अपने प्रियजन को खोया है, उनके प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन मौके पर हरसंभव मदद में जुटा है।

### मृतकों के परिजन को 4-4 लाख रुपए मुआवजे की घोषणा

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया। मध्यप्रदेश सरकार ने खरगोन बस दुर्घटना में मृतकों के परिवारों को 4-4 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 50-50 हजार रुपए और मामूली रूप से घायलों को 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। उन्होंने ट्वीट कर घटना पर शोक जताया।

### कमलनाथ बोले- घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने ट्वीट कर शोक जताया है। उन्होंने लिखा- ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना करता हूं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना है। राहत और बचाव दल को अपने अभियान में शीघ्र सफलता मिले, ऐसी प्रार्थना है।

### परिवहन मंत्री बोले- न तो बस स्पीड में थी, न ओवरलोड

खरगोन हादसे पर परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का कहना है कि शुरुआती जांच में सामने आया है कि संकरा पुल होने की वजह से बस की स्पीड तेज नहीं थी। जांच में बस की फिटनेस सही पाई गई है। बस में क्षमता से ज्यादा यात्री नहीं थे। हादसे की वजह ड्राइवर को नींद लगना हो सकती है। जांच में जो भी दोषी पाया जाएगा, कार्रवाई की जाएगी।

# बड़वाह में इन्दिरा मार्केट ,सुभाष मार्केट, बस स्टेंड एवं नगर पालिका कार्यालय का होगा निर्माण

बड़वाह नगर में अब 70 साल पुराने सुभाष मार्केट , जर्जर हो चुके इन्दिरा मार्केट , 40 साल पुराने बस स्टेंड एवं नगरपालिका कार्यालय का फिर से नवनिर्माण होने जारहा है । नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता ने बताया कि नगर विकास की इस बडी योजना को मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं नगररीय प्रशासन मंत्रालय के माध्यम स साकार करने का गंभीर प्रयास किया जारहा है ।

इसी तारतम्य में नपा अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता के मार्गदर्शन ने नगरपालिका ने बाम्बे हास्पिटल की डिजाईन बनाने वाले देश के सुप्रसिद्ध इंजीनियर श्री संजय वास्तव को हायर कर उक्त चारों स्थलों का नीरीक्षण किया गया साथ ही उन्हे सुभाष मार्केट, बस स्टेंड, इन्दिरा मार्केट एवं बड़वाह नगर पालिका कार्यालय के नव निर्माण की डिजाईन एवं योजना तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई । चारों स्थलों के नीरीक्षण के दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री महिम ठाकुर, नगरपालिका सीएमओ श्री कुशल डूडवे, वरिष्ठ पार्षद श्री शाबिर खान, जिम्मी तौमर मौजूद थे । सभी प्रस्तावित स्थलों के सीमांकन के निर्देश दिये गये है । जल्द ही इन सभी योजनाओं के नवीन मानचित्र बनकर तैयार होने जारहे है ।

### सर्व सुविधायुक्त बस स्टेंड, भव्य एवं आधुनिकतम सुभाष मार्केट, इन्दिरा मार्केट एवं नगरपालिका कार्यालय की मिलेगी सौगात - श्री राकेश गुप्ता

इस सम्बंध में जब नगरपालिका अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता से बातचीत की गई तो उन्होने बताया कि बडवाह क्षेत्र की जनता ने हमे नगर के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी देकर चुना है इसीलिये हमने 70 साल पुराने हो चुके सुभाष मार्केट एवं जर्जर हो चुके इन्दिरा मार्केट नगरपालिका कार्यालय एवं बस स्टेंड के नवनिर्माण की योजना बनाई है । हमारा सपना है कि अब बड़वाह के नागरिकों को सर्व सुविधायुक्त एवं आधुनिक रूप से विकसित बस स्टेंड की सुविधा मिले जहां पर बस स्टेंड के साथ ही चारों ओर भव्य शांपिंग सेंटर का निर्माण भी किया जाये जिससे नगरपालिका को स्थायी आमदनी प्राप्त हो सके । इसी तरह हम चाहते है कि बडवाह में भव्य नगरपालिका कार्यालय का निर्माण हो जिससे नगर सरकार संचालन करने के लिये सभी सुविधाएं मोजूद हो ।

### आधुनिकतम डिजाइन के साथ भव्य रूप लेगा इन्दिरा मार्केट

इन्दौर इच्छापुर हाईवे पर इन्दिरा मार्केट की जर्जर हालात किसी से छिपी नही है । मुख्य इन्दौर -इच्छापुर हाईवे पर बना नगरपालिका के स्वामित्व वाला इन्दिरा मार्केट अब एक जैसे स्वरूप में भव्य रूप लेगा जिससे बड़वाह की सुंदरता भी बढे और साथ ही नगरपालिका की स्थायी आय



बढने के साथ व्यापारियों एवं ग्राहको को भी सुविधाये मिल सके ।देखा गया है कि अनेक बार अतिक्रमण के चलते इन्दिरा मार्केट में बार बार प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाती रही है । दुकानदारों को भी यह डर रहता है कि पता नही कब अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही हो जाये । ऐसे में इन्दिरा मार्केट के स्थायी एवं नवनिर्माण से यह समस्या हमेशा के लिये समाप्त हो जायेगी । साथ ही भव्य मार्केट का स्वरूप भी नगर में नजर आयेगा ।

### 70 साल पुराने सुभाष मार्केट का होगा पूर्णरूपेण कायाकल्प

इसी तरह बड़वाह का दिल कहलाने वाले सुभाष चौक पर 70 साल पहले निर्मित सुभाष मार्केट को भी भव्य शापिंग सेंटर का स्वरूप दिया जायेगा । नगरपालिका की कल्पना है कि सुभाष चौक पर स्थित सुभाष मार्केट बड़वाह की शान बने एवं नगर का प्रमुख व्यावसायिक केन्द्र के रूप में प्रतिष्टित हो । इसीलिये अब इस 70 वर्ष पुराने सुभाष मार्केट की जगह भव्य एवं आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त भव्य शापिंग सेंटर का निर्माण किये जाने की योजना नगरपालिका द्वारा बनाई जारही है । आपको बतादे कि बरसों से नगर के सांस्कृतिक, धार्मिक , सामाजिक एव राजनैतिक कार्यक्रमों का ,जीवंत साक्षी रहा सुभाष चौक आज अपनी पुरानी पहचान खो चुका है । लेकिन समय के साथ साथ यहां बना शापिंग काम्लेक्स एवं पूरा सुभाष चौक अपना गौरव खो चुका है । अब सुभाष मार्केट की जर्जर हालात को देखते हुये नगर पालिका ने इस पुराने मार्केट को पूरी तरह गिराकर यहां पर भव्य एवं आधुनिकतम सुविधाओं से युक्त शापिंग सेंटर बनाने की योजना बनाई है । जिससे नगर की बहुमूल्य जमीन पर बने इस नवनिर्मित आधुनिकतम शापिंग सेंटर का सपना साकार हो सके ।

### यात्रियों एवं बसों के लिए आकार लेगा बड़वाह का नया बस स्टेंड

इसी तरह बड़वाह के वर्तमान बस स्टेंड की दूर्दशा किसी से छिपी नही है । खंडहर में तब्दील हो चुके इस बस स्टेंड पर नाम मात्र की बसे ही आती है । सुख सुविधा के अभाव में लोग मुख्य चोराहे पर जाकर ही बस में बेठना पंसद करते है । जबकि नगरपालिका की बेशकीमति विशाल भूभाग बस स्टेंड के लिये यहां आरक्षित है । ऐसे में अब नगर पालिका द्वारा भव्य एवं आधुनिकतम सुख सुविधाओं से लेश बस स्टेंड, चारों ओर भव्य सर्व सूविधायुक्त मार्केट, यात्रियों के लिये विश्राम गृह आदि का निर्माण किये जाने की योजना को मूर्तरूप दिया जारहा है ।

### नये नगरपालिका कार्यालय निर्माण से होगा बड़वाह में विकास का नवसंचार.....

इसके साथ ही नगरपालिका कार्यालय का भव्य एवं विशाल भवन का निर्माण करने की योजना को भी बनाया जारहा है । वर्तमान नगरपालिका कार्यालय के पीछे की ओर टंकी के पास इस विशाल नपा कार्यालय के लिये भूमि का चयन किया जारहा है । नया भवन बनने से जहां पर नगरपालिका की समस्त शाखाओं के लिये पृथक पृथक व्यवस्था होगी वहीं नगरपालिका में अपनी समस्याओं के निवारण के लिये आने वाले आम नागरिकों को भी पूरा सम्मान मिल सकेगा ।

हालाकि इन्दिरा मार्केट एवं सुभाष मार्केट के वर्तमान दुकानदारों के मन में इस योजना को लेकर अनेक शंकाए है कि दुकान बनने के बाद वर्तमान दुकानदारों को दुकाने कैसे आवंटन किया जायेगा । दुकाने आवंटन की क्या शर्ते एवं नियम होगा। पुराने करार पर दुकाने दी जायेगी या नये तरीके से आवंटन की कुछ शर्ते होगी। इन सभी प्रश्नों का जवाब लोगों को चाहिये । इसे लेकर अध्यक्ष श्री राकेश गुप्ता एवं सीएमओ श्री डूडवे ने बताया कि किसी को भी चिंता करने की जरूरत नही है । नगर परिषद द्वारा योजना का पूरा आकार निर्धारण होने के बाद सभी को इन बातों से अवगत करवा दिया जायेगा । जो भी आम जनता, नगरपालिका एवं दुकानदारों के हित में होगा वो ही काम किया जायेगा ।